an>

Title: Regarding merger of services of North East Express (train No. 12505/12506) and Sainik Express (train no. 14021/14022) -laid.

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): ट्रेन संख्या.12505/ 12506 (नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन) कामाख्या से चलती है और आंनद विहार, नई दिल्ली, को रात्रि 8 बजे पहुंचती है । ट्रेन संख्या14021/14022 (सैनिक एक्सप्रेस ट्रेन) सराय रोहिल्ला, नई दिल्ली से रात्रि 10.20 बजे जयपुर (राजस्थान) के लिए रवाना होती है । अगर इन दोनों ट्रेनों का मर्ज कर दिया जाये तो शेखावटी के सैनिकों, व्यापारियों तथा पूर्वाचल में नौकरी करने वाले लोगों को यात्रा में सुगमता होगी तथा पूर्वांचल एवं कामाख्या सीधा शेखावटी अंचल से जुड़ जाएगा । इन ट्रेनों को मर्ज करने से हरियाणा एवं राजस्थान के साथ पश्चिम बंगाल,उत्तर प्रदेश के प्रवासी भारतियों को यात्रा का फायदा मिलेगा ।

अतः मेरा रेल मंत्री जी से निवेदन है कि ट्रेन संख्या.12505/12506 (नॉर्थ एक्सप्रेस) ट्रेन तथा ट्रेन संख्या.14021/14022 (सैनिक एक्सप्रेस) को मर्ज करने की कृपा करे ताकि पूर्वाचल क्षेत्र सीधे शेखावटी अंचल (राजस्थान) से जुड़ सके ।